प्रेस –नोट

थाना थाना बरूआसागर

दिनाँक 09.07.2025

- **थाना बरूआसागर एवं स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना बरूआसागर क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना का 36 घन्टे के अन्दर सफल अनावरण –**
- **पुलिस मुठभेड़ में 02 घायल अभियुक्तगण तथा 01 बाल अपचारी सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **कब्जे से लूटी गयी अपाचे मोटरसाइकिल तथा चोरी की बाइक स्पेलेन्डर व अवैध असलाह कारतूस बरामद -**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में झाँसी पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना बरूआसागर व स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 09.07.2025 को थाना बरूआसागर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 171/25 धारा 309(6)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त 1. बृजेश कुशवाहा पुत्र जानकी कुशवाहा निवासी ग्राम पुलिया थाना समथर जनपद झाँसी 2. कपिल पटेल पुत्र धर्मेन्द्र पटेल निवासी ग्राम बामौर थाना एरच, जनपद झांसी को ग्राम बनगुआं के पास थाना बरूआसगार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त बृजेश कुशवाहा तथा कपिल पटेल पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए हैं तथा एक बाल अपचारी गिरफ्तार हुआ है।

मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी गयी अपाचे मोटरसाइकिल तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित अवैध असलाह कारतूस बरामद की गयी है। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बरूआसागर में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों द्वारा थाना बरूआसागर क्षेत्रान्तर्गत दम्पति के साथ लूट की घटना कारित कर अपाचे मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान छीन कर भाग गये

थे, जिसके सम्बन्ध में थाना बरूआसागर में मु0अ0सं0- 171/2025 धारा 309(6)/3(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त – 1. बृजेश कुशवाहा पुत्र जानकी कुशवाहा निवासी ग्राम पुलिया थाना समथर जनपद झाँसी।

2. कपिल पटेल पुत्र धर्मेन्द्र पटेल निवासी ग्राम बामौर थाना एरच जनपद झांसी।

3 – एक बाल अपचारी।

बरामदगी का विवरण – 01 अपाचे मोटरसाइकिल लूट की 2. चोरी की एक स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल 3. 02 अवैध तमंचा 315 बोर 4. 4 खोखा कारतूस 315 बोर 5. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली टीम – 1 . थाना प्रभारी बरूआसागर मय पुलिस टीम

2 . प्रभारी स्वाट मय पुलिस टीम .